# Chakbandi Lekhpal
# (1 Oct 2019 Shift 2)

# 150 Questions

**Que. 1** निम्न ज्यामितीय आकृतियों में से बेजोड़ आकृति का चयन कीजिये।
समचतुर्भुज, त्रिभुज, वर्ग, समांतर चतुर्भुज, समकोण, समलंब

1. समचतुर्भुज
2. त्रिभुज
3. समान्तर चतुर्भुज
4. समलंब

Correct Option **- 2**

**Que. 2** निम्नलिखित नाम समूहों में से असंगत की पहचान कीजिये।
अमरूद, तरबूज, सलाद पत्ता, सेब, कीवी, आम, नाशपाती, अनार

1. सलाद पत्ता
2. कीवी
3. नाशपाती
4. अनार

Correct Option **- 1**

**Que. 3** निम्न आरेख का अध्ययन कीजिये और उस विकल्प का चयन कीजिये जो सही नहीं है।

1. कुछ शेर बकरी नहीं हैं।
2. कुछ बकरी शेर हैं।
3. कुछ शेर गाना हो सकते हैं।
4. कुछ बकरी गाना हैं।

Correct Option **- 1**

**Que. 4** नीचे एक पासे की दो स्थितियों को दर्शाया गया है। यदि 4 संख्या वाले फलक के विपरीत 6 है, तो 3 संख्या वाले फलक के विपरीत कौन सी संख्या होगी?

1. 1
2. 2
3. 5
4. 6

Correct Option **- 1**

**Que. 5** दीपक कार्यालय जाने के लिए अपने घर से निकलता है और पूर्व की ओर 4 किमी चलता है, फिर बायीं ओर मुड़ता है और 3 किमी चलता है। उसकी बहन दीपिका कॉलेज जाने के लिए समान घर से निकलती है, पूर्व की ओर 16 किमी चलती है, और फिर बायीं ओर मुडती है और 8 किमी चलती है। कार्यालय और कॉलेज के बीच की न्यूनतम दूरी क्या है?

1. 10 किमी
2. 13 किमी
3. 17 किमी
4. 18 किमी

Correct Option **- 2**

**Que. 6** यदि निम्न आकृति में दिखाए गए पंचभुज को वामावर्त दिशा में तीन बार 270° घुमाया जाता है, समचतुर्भुज को दक्षिणावर्त दिशा में चार बार 45° घुमाया जाता है, और अक्षर की दर्पण छवि का उपयोग किया जाता है (दर्पण को अक्षर M के दाईं ओर रखा जाता है), तो उत्तर आकृति क्या होगी? क्या ये होगी?

Correct Option **- 3**

**Que. 7** नीचे एक कथन और इससे संबंधित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथन और निष्कर्षों को पढ़िए और तय कीजिये कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**

एक पुस्तकालय पाठकों द्वारा पुस्तकों की देर से वापसी के लिए, वापसी की नियत तारीख के बाद के दिनों के लिए प्रतिदिन 10 रुपये का जुर्माना वसूलता है।

**निष्कर्ष:**

(I) महंगी किताबों के लिए जुरमाना अधिक होगा।

(II) सस्ती किताबों पर जुर्माना कम होगा।

1. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
3. या तो निष्कर्ष I या फिर निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
4. ना तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Correct Option **- 4**

---

**Que. 8** उस विकल्प का चयन करें जो निम्नलिखित कथन के लिए एक वैध धारणा है।

**कथन:**

रेल मंत्रालय ने हॉलिडे स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं और मौजूदा ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े हैं।

1. बच्चे छुट्टियों के दौरान हवाई जहाज के बजाय ट्रेन से यात्रा करना पसंद करते हैं।
2. छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है।
3. लोग छुट्टियों में बदलाव चाहते हैं और नई ट्रेन देखना पसंद करते हैं।
4. इंजन चालक छुट्टियों के दौरान अधिक घंटे काम करना पसंद करते हैं।

Correct Option **- 2**

---

**Que. 9** निम्नलिखित कथन और इसके नीचे दी गयी दो प्रक्रियाएं को पढ़िए। ज्ञात कीजिये दिए गए कथन के संदर्भ में कौन-सी विधि अपनाई जानी चाहिए।

**कथन:** सामान्य कामकाज के घंटे सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक होने के बावजूद, ऐसे मामले सामने आ रहे हैं कि कर्मचारी काम पर देर से पहुंचते हैं जिससे कारखाने में कामकाज प्रभावित होता है।

**प्रक्रिया:**

I. कर्मचारियों को चेतावनी दी जानी चाहिए कि यदि कोई सुधार नहीं हुआ तो उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

II. कार्य की अवधि ऐसी होनी चाहिए कि प्रत्येक कर्मचारी अपने सुविधाजनक समय पर काम पर आ सके।

1. केवल प्रक्रिया I को अपनाया जा सकता है।
2. केवल प्रक्रिया II को अपनाया जा सकता है।
3. या तो प्रक्रिया I या फिर II को अपनाया जा सकता है।
4. ना तो प्रक्रिया I और ना ही II को अपनाया जा सकता है।

Correct Option **- 1**

---

**Que. 10** पहेली : हल :: निबंध : ?

अंकित कीजिये निम्नलिखित में से कौन सा शब्द प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है?

1. हल
2. लिखना
3. सुनाना
4. राइटी

Correct Option **- 2**

---

**Que. 11**

उस विकल्प का चयन कीजिये जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है

तापमान : थर्मामीटर :: आर्द्रता : ?

1. स्पेक्ट्रोमीटर
2. सिसमोमीटर
3. हाइग्रोमीटर
4. ऑस्मोमीटर

Correct Option - **3**

---

**Que. 12** एक कूट भाषा में यदि "LITMUS" को "SMIUTL" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और "INDIGO" को "OINGDI" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तब उस कूट भाषा में शब्द 'JAGGER' को किस प्रकार लिखा जायेगा?

1. RGAEGJ
2. RGJEGA
3. RGAGEJ
4. RGJEAG

Correct Option - **1**

---

**Que. 13** एक कूट भाषा में, यदि 'TABLE' को 'VEDNI' के रूप में लिखा जाता है और 'CHAIR' को 'EJEOT' के रूप में लिखा जाता है, तो उस कूट भाषा में शब्द 'BENCH' को किस प्रकार लिखा जायेगा?

1. DIPFJ
2. DGPEJ
3. DIPEJ
4. DGPFT

Correct Option - **3**

---

**Que. 14** यदि P @ Q का अर्थ है Q का पति P है; J # L का अर्थ है L, J का पुत्र है और N $ M का अर्थ है M का भाई N है, तब निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सुनिश्चित करता है कि A की माता B है?

1. A # B $ C @ D
2. C $ D @ A # B
3. B $ C # A @ D
4. D @ B # C $ A

Correct Option - **4**

---

**Que. 15** निम्नलिखित चार कथनों के बाद चार निष्कर्ष दिए गए हैं। पहचानिए कि कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का सटीक रूप से अनुसरण करते हैं, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न हैं।

**कथन:**

1. सभी कुत्ते बिल्लियाँ हैं

2. कुछ बिल्लियाँ बाघ हैं।

3. सभी बाघ शेर हैं

4. कोई शेर गधा नहीं है।

**निष्कर्ष:**

(I) कुछ बिल्लियाँ कुत्ते हैं

(II) सभी शेर बाघ हैं

(III) कुछ गधे बाघ हैं

(IV) कोई बाघ गधा नहीं है

1. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
2. केवल निष्कर्ष II और IV अनुसरण करते हैं
3. केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं
4. केवल निष्कर्ष I और IV अनुसरण करते हैं

Correct Option - **4**

---

**Que. 16** यदि निम्नलिखित अक्षरों को मानक वर्णमाला क्रम के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो बाएं से पहले, चौथे, छठवें, नौवें और सोलहवें स्थान वाले अक्षरों से कौन-सा अर्थपूर्ण अंग्रेजी शब्द बनाया जा सकता है?

XUIHQLETBWMRKSAGC

1. STEAM
2. WHALE
3. MEANS
4. SHAME

Correct Option - **2**

---

**Que. 17** निम्नलिखित श्रृंखला को पढ़िए और ज्ञात कीजिए कि प्रश्न चिन्ह ("?") के स्थान पर कौन-सा पद आयेगा।

$GAS_{27}$, $IEU_{35}$, $MIY_{47.}$ $OMA_{29}$, $SOE_{39}$, $USI_{49}$, ?

1. $WUM_{57}$
2. $WWO_{61}$
3. $YUM_{59}$
4. $YWN_{62}$

Correct Option - **3**

---

**Que. 18** निम्नलिखित श्रृंखला को पढ़िए और ज्ञात कीजिए कि प्रश्न चिन्ह ("?") के स्थान पर कौन-सी संख्या आयेगी।

3947, 4379, 7493, 9734, ?

1. 9437
2. 7934
3. 4793
4. 3947

Correct Option - **4**

---

**Que. 19** यदि निम्नलिखित समीकरण में "+" और "-" को आपस में बदल दिया जाता है तथा "x" और "÷" को आपस में बदल दिया जाता है। और यदि अंक "3" और "7" को भी आपस में बदल दिया जाता है, तो निम्नलिखित समीकरण का मान क्या होगा?

$83 \times 7 - 79 + 63 \div 7$

1. -133
2. -350
3. 244
4. 511

Correct Option - **1**

---

**Que. 20**

पति, पत्नी और उनके पुत्र की आयु का अनुपात 10 : 9 : 3 है। पुत्र की आयु की गणना करने के लिए निम्नलिखित में से किस सूचना की अतिरिक्त आवश्यकता होगी जो भी पर्याप्त होगी

1. 6 वर्ष पूर्व, पुत्र की आयु उस समय उसकी माता की आयु का 20% थी।
2. 10 वर्ष बाद, तीनों की आयु का योग उनकी वर्तमान आयु के योग से 30 अधिक होगा।
3. पिता और पुत्र की आयु का अंतर माता और पुत्र की आयु के अंतर से अधिक है।
4. तीनों की आयु का योग 11 का पूर्ण गुणज है।

Correct Option **- 1**

---

**Que. 21** A, B, C और D कोनों वाले एक आयताकार मैदान का परिमाप 28 मीटर है। भूमि का क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित में से किस सूचना की अतिरिक्त आवश्यकता होगी जो पर्याप्त भी होगी?

1. विकर्ण AC की लंबाई विकर्ण BD के समान है।
2. एक आयत के विकर्णों का योग आयत के परिमाप से 8 मीटर कम है।
3. आयत का परिमाप आयत की लंबाई से 50% अधिक है।
4. एक आयत के सभी आंतरिक कोणों का योग 360° होता है।

Correct Option **- 2**

---

**Que. 22** यदि a और b दोनों धनात्मक पूर्णांक हैं, तो निम्नलिखित समीकरणों से हमें 'a' का मान ज्ञात करना होगा।

1) 2a + b = 22

2) 34 - 2b = 12

अब, निम्नलिखित विकल्पों को पढ़ें और जो भी विकल्प लागू हो उसे चुनिए।

1. केवल समीकरण 1 ही 'a' का मान ज्ञात करने के लिए पर्याप्त है।
2. केवल समीकरण 2 ही 'a' का मान ज्ञात करने के लिए पर्याप्त है।
3. 'a' का मान ज्ञात करने के लिए न तो केवल समीकरण 1 और न ही केवल समीकरण 2 पर्याप्त है, लेकिन दोनों एक साथ आवश्यक हैं।
4. 'a' का मान किसी एक समीकरण से निर्धारित नहीं किया जा सकता है। यहाँ तक कि दोनों समीकरणों को भी संयुक्त रूप से नहीं जाना जा सकता।

Correct Option **- 3**

---

**Que. 23** एक कूट भाषा में यदि 'PEASANT' को 'RQYVYHN' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तब उस कूट भाषा में 'RANCHER' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जायेगा?

1. PHFFPDL
2. PLDPHFF
3. PHFFLDP
4. PFFHLDP

Correct Option **- 3**

---

**Que. 24** निम्नलिखित तालिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें और फिर दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

पिछले कुछ वर्षों में चार कंपनियों द्वारा बेची गई इकाइयाँ (करोड़ में)

| कंपनी/वर्ष | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 |
|---|---|---|---|---|
| **A** | 115.8 | 85.7 | 58.9 | 46.6 |
| **B** | 150.1 | 76.3 | 37.2 | 39.1 |
| **C** | 93.3 | 69.5 | 53.7 | 48.9 |
| **D** | 180.6 | 111.1 | 21.2 | 33.4 |

पिछले कुछ वर्षों में किस कंपनी ने सबसे अधिक इकाइयाँ बेचीं?

1. A
2. B
3. C
4. D

Correct Option - **4**

---

**Que. 25** यदि P + Q का अर्थ P - Q है,

P - Q का अर्थ P × Q है,

P × Q का अर्थ P ÷ Q है,

P ÷ Q का अर्थ P + Q है,

तब निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

1. 1 + 2 - 6 × 3 ÷ 8 = 8
2. 6 + 2 - 3 × 1 ÷ 4 = 12
3. 25 + 6 - 45 × 9 ÷ 23 = 18
4. 10 + 4 - 3 × 12 = 5

Correct Option - **3**

---

**Que. 26** कंप्यूटर टूल्स जैसे वर्ड, एक्सेल और पॉवरपॉइंट निम्नलिखित में से किस कंपनी के उत्पाद हैं?

1. इंटेल
2. एप्पल
3. माइक्रोसॉफ्ट
4. गूगल

Correct Option - **3**

---

**Que. 27** टिमोथी डोनाल्ड कुक, जिन्हें टिम कुक के नाम से जाना जाता है, निम्नलिखित में से किस कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं?

1. गूगल
2. ट्विटर
3. अमेज़न
4. एप्पल

Correct Option - **4**

---

**Que. 28** माइक्रोसॉफ्ट वर्ड के संदर्भ में 'गटर मार्जिन' नामक फीचर का प्रयोग निम्नलिखित में से किसके लिए किया जाता है?

1. ग्राफिक्स और छवियों की स्पष्टता में सुधार करने के लिए
2. बेहतर डाक्यूमेंट्स बाइंडिंग को मैनेज करने के लिए
3. प्रिंटेड टेक्स्ट की स्पष्टता में सुधार करने के लिए
4. पेज नंबर डालने की सुविधा के लिए

Correct Option - **2**

---

**Que. 29** उत्तर प्रदेश राज्य का कौन सा जिला नेपाल के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है?

1. पीलीभीत

2. श्रावस्ती
3. सीतापुर
4. महाराजगंज

Correct Option - **3**

**Que. 30** उत्तर प्रदेश का कौन सा जिला उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा पर स्थित है?

1. बस्ती
2. बुलंदशहर
3. बाँदा
4. बलिया

Correct Option - **4**

**Que. 31** 1983 में दिल्ली में कन्याकुमारी से राजघाट तक मैराथन 'पदयात्रा' चलने वाले राष्ट्रीय नेता कौन हैं? इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय लोगों के साथ संबंधों को नवीनीकृत करना था।

1. चंद्रशेखर
2. लालकृष्ण आडवाणी
3. रामविलास पासवान
4. वीपी सिंह

Correct Option - **1**

**Que. 32** उस भारतीय प्रधान मंत्री का क्या नाम है जिसने संसद में घोषणा की कि वह मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करेगा? इस घोषणा से भारत में देशव्यापी विरोध शुरू हो गया।

1. राजीव गाँधी
2. वी. पी. सिंह
3. चौधरी चरण सिंह
4. चंद्रशेखर

Correct Option - **2**

**Que. 33** उत्तर प्रदेश के किस शहर को 'सुहाग नगरी' के नाम से जाना जाता है, यह शहर कांच की चूड़ियाँ बनाने के लिए प्रसिद्ध है?

1. फिरोजाबाद
2. गोरखपुर
3. वाराणसी
4. बरेली

Correct Option - **1**

**Que. 34** निम्नलिखित में से कौन सा नेता गोरखनाथ मंदिर और मठ का मुख्य पुजारी भी है?

1. उमा भारती
2. योगी आदित्यनाथ
3. श्री श्री रवि शंकर
4. महंत परमहंस दास

Correct Option - **2**

**Que. 35** सारनाथ, वह पवित्र स्थान जहाँ भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था, निम्नलिखित में से किस शहर के बहुत करीब स्थित है?

1. मथुरा
2. अयोध्या
3. झाँसी
4. वाराणसी

Correct Option **- 4**

**Que. 36** उत्तर प्रदेश का कौन सा शहर "चिकनकारी साड़ी" नामक सुंदर कढ़ाई वाली साड़ी के लिए प्रसिद्ध है?

1. मोरादाबाद
2. लखनऊ
3. मेरठ
4. प्रयागराज (इलाहाबाद)

Correct Option **- 2**

**Que. 37** रामचरितमानस, रामायण का दूसरा संस्करण किस कवि और संत ने लिखा था?

1. रविदास
2. सूरदास
3. कालिदास
4. तुलसीदास

Correct Option **- 4**

**Que. 38** दक्षिण भारत के किस राजा ने 1741 में कोलाचेल की लड़ाई में डच ईस्ट इंडिया कंपनी को हराया था?

1. वीरपद्य कट्टाबोम्मन
2. राजा राज चोल
3. मार्तंडा वर्मा
4. हैदर अली

Correct Option **- 3**

**Que. 39** अवध रियासत की उस प्रसिद्ध योद्धा बेगम का क्या नाम है जिन्होंने 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों के साथ युद्ध में भाग लिया था?

1. बेगम हजरत महल
2. बेगम रजिया सुल्तान
3. बेगम जहाँनार
4. बेगम मेहरुन्निसा

Correct Option **- 1**

**Que. 40** मुगल वंश के पहले सम्राट बाबर ने अपनी आत्मकथा अपनी मूल भाषा चगताई तुर्किक में लिखी थी। इस पुस्तक का नाम क्या है?

1. मुग़ल नामा
2. बाबरनामा
3. बाबर मुबारक

4. बाबरबिहया

Correct Option - 2

---

**Que. 41** जब अटल बिहारी वाजपेयी 1996 में पहली बार प्रधान मंत्री बने, तो प्रधान मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की अनुमानित अवधि क्या थी?

1. 2 दिन
2. 2 सप्ताह
3. 2 महीने
4. 2 वर्ष

Correct Option - 2

---

**Que. 42** राजा बिंबिसार के दरबार में प्रसिद्ध चिकित्सक का क्या नाम है जो भगवान बुद्ध के निजी चिकित्सक थे?

1. अजातशत्रु
2. सारिपुट्टा
3. जीवक
4. राहुल

Correct Option - 3

---

**Que. 43** रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखी गई कविता 'अमर सोनार बांग्ला' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1. यह टैगोर की पहली कविता थी।
2. इस कविता को बाद में बांग्लादेश ने अपने राष्ट्रगान के रूप में अपनाया।
3. इस कविता के लिए टैगोर को नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
4. यह कविता शांतिनिकेतन में एक स्कूल प्रार्थना थी।

Correct Option - 2

---

**Que. 44** भारत की पंचवर्षीय योजना प्रणाली रूस से अंगीकार की गई। उस रूसी नेता का क्या नाम है जिसने पहली बार रूस में पंचवर्षीय योजना के दृष्टिकोण को लागू किया था?

1. व्लादिमीर लेमिन
2. जोसेफ स्टालिन
3. लियोनिद ब्रेज़नेव
4. निकिता ख्रुशचेव

Correct Option - 2

---

**Que. 45** वर्साय का महल निम्नलिखित में से किस यूरोपीय राजधानी के पास स्थित है?

1. लन्दन
2. पेरिस
3. रोम
4. ब्रसेल्स

Correct Option - 2

---

**Que. 46** निम्नलिखित में से किस देश में दो प्रसिद्ध विश्वविद्यालय, ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज स्थित हैं?

1. फ्रांस

2. संयुक्त राज्य अमेरिका
3. यूनाइटेड किंगडम
4. इटली

Correct Option - **3**

**Que. 47** भारत में कितने संरक्षित जीवमंडल हैं?

1. 10
2. 12
3. 18
4. 25

Correct Option - **3**

**Que. 48** दांदेली वन्यजीव अभयारण्य भारत के किस राज्य में स्थित है?

1. केरल
2. तमिलनाडु
3. तेलंगाना
4. कर्नाटक

Correct Option - **4**

**Que. 49** निम्नलिखित में से किस पहाड़ी इलाकों पर आपको चेयापारा जलप्रपात, पोथामेडु व्यूपॉइंट और अटुकड जलप्रपात मिलेंगे?

1. मुन्नार
2. ऊटी
3. कोडईकनाल
4. यरकौड

Correct Option - **1**

**Que. 50** निम्नलिखित में से किस देश में वेनिस शहर स्थित है जो नहरों और पुलों से युक्त है?

1. डेनमार्क
2. स्कॉटलैंड
3. फ्रांस
4. इटली

Correct Option - **4**

**Que. 51** माउंट एटना, जिसे यूरोप का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी माना जाता है, निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?

1. पुर्तगाल
2. स्पेन
3. ग्रीस
4. इटली

Correct Option - **4**

**Que. 52** पोनमुडी दक्षिण भारत का एक छोटा सा पहाड़ी इलाका है। यह किस शहर के पास स्थित है?

1. कोझिकोड
2. मदुरै
3. तिरुवनंतपुरम
4. मंगलौर

Correct Option - **3**

---

**Que. 53** निम्नलिखित में से कौन सा शहर पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की राजधानी है?

1. डार्विन
2. पर्थ
3. ब्रिस्बेन
4. होबार्ट

Correct Option - **2**

---

**Que. 54** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 161 के अनुसार, निम्नलिखित में से किसे सजा को क्षमा करने या संशोधित करने का अधिकार है?

1. भारत के राष्ट्रपति
2. भारत के प्रधान मंत्री
3. विभिन्न राज्यों के राज्यपाल
4. भारत के मुख्य न्यायाधीश

Correct Option - **1**

---

**Que. 55** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 5 से 11 निम्नलिखित में से किस पहलू से संबंधित हैं?

1. भारत की नागरिकता
2. भारत में भाषाएं
3. भारतीय राज्यों की सीमाएँ
4. बच्चों के लिए शिक्षा

Correct Option - **1**

---

**Que. 56** अप्रैल 2019 तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र राज्य के राज्यपाल कौन हैं?

1. ईएसएल नरसिम्हन
2. सी विद्यासागर राव
3. पलानीसामी सदाशिवमी
4. आनंदीबेन पटेल

Correct Option - **2**

---

**Que. 57** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 300A निम्नलिखित में से किसकी गारंटी देता है?

1. कोई भी व्यक्ति शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।
2. किसी भी व्यक्ति को उसके वैवाहिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जाएगा।
3. किसी भी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा।
4. किसी भी व्यक्ति को उसकी निजता से वंचित नहीं किया जाएगा।

Correct Option - **3**

---

**Que. 58** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324-329 निम्नलिखित में से किस पहलू से संबंधित है?

1. चुनाव
2. अल्पसंख्यकों की सुरक्षा
3. पंचायत
4. राज्यपाल की शक्तियां

Correct Option - **1**

---

**Que. 59** वर्तमान में, वस्तु एवं सेवा कर (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (GST)) नामक नई कर प्रणाली के लिए उच्चतम प्रतिशत स्लैब क्या है?

1. 18%
2. 25%
3. 28%
4. 32%

Correct Option - **3**

---

**Que. 60** बेजवाड़ा विल्सन एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं जिन्हें 2016 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में वह अपनी सामाजिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं?

1. बाल श्रम का उन्मूलन
2. कन्या भ्रूण हत्या का उन्मूलन
3. हाथ से मैला उठाने की प्रथा का उन्मूलन
4. बाल विवाह का उन्मूलन

Correct Option - **3**

---

**Que. 61** ब्रह्मोस नामक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल विकसित करने के लिए भारत किस देश के साथ मिलकर काम कर रहा है?

1. फ्रांस
2. चीन
3. जापान
4. रूस

Correct Option - **4**

---

**Que. 62** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' नामक एक रेडियो प्रसारण के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करते हैं। यह कार्यक्रम पहली बार कब प्रसारित हुआ?

1. अक्टूबर 2014
2. अक्टूबर 2015
3. अक्टूबर 2016
4. अक्टूबर 2017

Correct Option - **1**

---

**Que. 63** संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा जीडीपी (सकल देश उत्पाद) वाला देश है। वैश्विक जीडीपी श्रेणी में कौन सा देश दूसरे स्थान पर आता है?

1. जापान
2. जर्मनी

3. चीन
4. भारत

Correct Option - **3**

**Que. 64** _______ राष्ट्रपति अब्देल अजीज बुउटफ्लिका ने जनता के दबाव में आकर अप्रैल 2019 में इस्तीफा दे दिया है।

1. सूडान
2. लीबिया
3. चाड
4. अल्जीरिया

Correct Option - **4**

**Que. 65** क्रिकेट विश्व कप 2019 के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के नए सीईओ का नाम बताइए।

1. सुनील गावस्कर
2. शरद पवार
3. मनु साहनी
4. राहुल जौहरी

Correct Option - **3**

**Que. 66** अशोक लीलैंड के पूर्व सीईओ और एमडी का नाम बताइए जिन्होंने रॉयल एनफील्ड के सीईओ के रूप में पदभार संभाला है?

1. विनोद के. देसारी
2. धीरज हिंदुजा
3. राजीव दुवे
4. जी वी होली ऑफरिंग

Correct Option - **1**

**Que. 67** मार्च 2019 तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार आईसीसी इंटरनेशनल टेस्ट रैंकिंग में दूसरे नंबर पर आने वाली क्रिकेट टीम का नाम क्या है?

1. न्यूज़ीलैंड
2. दक्षिण अफ्रीका
3. ऑस्ट्रेलिया
4. इंग्लैंड

Correct Option - **1**

**Que. 68** आईपीएल - 2019 सीज़न के लिए दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में किसे चुना गया है?

1. वीरेंद्र सहवाग
2. रविचंद्रन अश्विन
3. श्रेयस अय्यर
4. शिखर धवन

Correct Option - **3**

**Que. 69** 2018 की शुरुआत में किस राज्य में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (NCI) की स्थापना की गई है?

1. राजस्थान
2. पंजाब
3. हरियाणा
4. हिमाचल प्रदेश

Correct Option - **3**

---

**Que. 70** निम्नलिखित में से कौन भारत में प्रमुख सुपारी उत्पादक राज्य है?

1. केरल
2. पश्चिम बंगाल
3. मणिपुर
4. कर्नाटक

Correct Option - **4**

---

**Que. 71** ओडिशा की उस 70 वर्षीय महिला का क्या नाम है जिसे जीवन भर धान की सैकड़ों किस्मों के संरक्षण के कार्य के लिए पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

1. एस. थिमक्का
2. कमला पुजारी
3. हरिका द्रोणवल्ली
4. मुक्ताबेन पंकजकुमार दगालिक

Correct Option - **2**

---

**Que. 72** सिरसी सुपारी भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्राप्त करने वाली पहली सुपारी है। यह सुपारी किस राज्य में उगाई जाती है?

1. कर्नाटक
2. बिहार
3. आंध्र प्रदेश
4. ओडिशा

Correct Option - **1**

---

**Que. 73** 11 मंजिला पागल बाबा मंदिर उत्तर प्रदेश के किस शहर में स्थित है?

1. वृंदावन
2. वाराणसी
3. सारनाथ
4. चित्रकूट

Correct Option - **1**

---

**Que. 74** निम्नलिखित में से किस प्राचीन सम्राट का मकबरा बिहार राज्य के सासाराम शहर में स्थित है?

1. बहादुर शाह जफर
2. अलाउद्दीन खिलजी
3. शेर शाह सूरी
4. कुतुब-उद-दीन ऐबक

Correct Option - **3**

---

**Que. 75** बुंदेलखंड नामक क्षेत्र निम्नलिखित में से किस सीमा के अंतर्गत आता है?

1. उत्तर प्रदेश - बिहार सीमा
2. उत्तर प्रदेश - मध्य प्रदेश सीमा
3. उत्तर प्रदेश - नेपाल सीमा
4. उत्तर प्रदेश - उत्तराखंड सीमा

Correct Option **- 2**

---

**Que. 76** 27 मार्च 2019 को DRDO द्वारा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप प्रक्षेपण परिसर से, एंटी-सैटेलाइट मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। इस मिशन का नाम क्या था?

1. मिशन पॉवर
2. मिशन शक्ति
3. मिशन विक्रम
4. मिशन करेज

Correct Option **- 2**

---

**Que. 77** निम्नलिखित में से कौन सा अनुप्रयोग 6 फरवरी 2019 को भारत द्वारा प्रक्षेपित किया गया GSAT-31 उपग्रह है?

1. पृथ्वी अवलोकन
2. नौवहन
3. जलवायु और वायुमंडल
4. संचार

Correct Option **- 4**

---

**Que. 78** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित सतह से सतह पर मार करने वाली परमाणु-सक्षम अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का नाम क्या है?

1. पृथ्वी II
2. त्रिशूल
3. अग्नि 5
4. बराक-8

Correct Option **- 3**

---

**Que. 79** निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्रिया जल चक्र में शामिल प्रक्रिया का एक हिस्सा है?

1. वाष्पीकरण
2. त्वरक
3. हिमीकरण
4. विगलन

Correct Option **- 1**

---

**Que. 80** निम्नलिखित में से किस खनिज की कमी से एनीमिया होता है?

1. मैग्नीशियम
2. आयरन
3. जिंक
4. लीड

Correct Option - **2**

---

**Que. 81** जल को शुद्ध करने के लिए आमतौर पर उपयोग की जाने वाली रासायनिक विधि निम्नलिखित में से कौन सी है?

1. शीतनिद्रा
2. उत्खनन
3. क्लोरीनीकरण
4. विनाइट्रीकरण

Correct Option - **3**

---

**Que. 82** निम्नलिखित में से कौन सा मीठे जल का सबसे अच्छा स्रोत है?

1. महासागर
2. समुद्र
3. खारा जल
4. नदी

Correct Option - **4**

---

**Que. 83** निम्नलिखित में से कौन-सा विटामिन A का सबसे अच्छा स्रोत है?

1. मछली का तेल (फिश ऑइल)
2. चीनी
3. केला
4. नारियल का तेल

Correct Option - **1**

---

**Que. 84** ध्वनि निम्न में से किस माध्यम में यात्रा नहीं कर सकती है?

1. गैस
2. निर्वात
3. द्रव
4. धातु

Correct Option - **2**

---

**Que. 85** जब माचिस की तीली माचिस की सतह से टकराती है, तो किस प्रकार की ऊर्जा के कारण यह एक तेज लौ में प्रज्वलित होती है?

1. स्थितिज ऊर्जा
2. गतिज ऊर्जा
3. रासायनिक ऊर्जा
4. पवन ऊर्जा

Correct Option - **3**

---

**Que. 86** निम्नलिखित में से कौन सी माप इकाइयों की CGS प्रणाली की परिभाषा है?

1. कूलाम, ग्राम, स्टेरेडियम
2. सेल्सियस, ग्रेड, सेकंड
3. सेंटीमीटर, गैलन, सीमेंस

4. सेंटीमीटर, ग्राम, सेकंड

Correct Option - **4**

---

**Que. 87** निम्नलिखित में से कौन सा इलेक्ट्रॉनिक संचार प्रणालियों में शोर को संदर्भित करता है?

1. अवांछित संकेत जो संदेश संकेतों के प्रसारण और प्रसंस्करण में बाधा डालते हैं
2. तेज संगीत जो कानों को दर्द देता है
3. श्रवण ध्वनियाँ जो श्रव्य नहीं हैं
4. अवांछित संवेदनाएं जो संदेशों में बाधा डालती हैं

Correct Option - **1**

---

**Que. 88** वाष्पीकरण की प्रक्रिया के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

1. यह नमी के स्तर पर निर्भर नहीं करती है।
2. पृष्ठीय क्षेत्रफल बढ़ने के साथ यह बढ़ जाती है।
3. पवन की चाल बढ़ने के साथ यह घट जाती है।
4. तापमान बढ़ने पर यह घट जाती है।

Correct Option - **2**

---

**Que. 89** प्लास्टर ऑफ पेरिस निम्नलिखित में से किसका उत्पाद है?

1. मैग्नीशियम
2. एल्युमिनियम
3. कैल्सियम
4. सोडियम

Correct Option - **3**

---

**Que. 90** प्राकृतिक रबर के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1. यह एक प्राकृतिक बहुलक है और इसमें लोचदार गुण होते हैं।
2. यह एक कृत्रिम बहुलक है और इसमें लोचदार गुण होते हैं।
3. यह बहुलक नहीं है, लेकिन इसमें लोचदार गुण होते हैं।
4. यह एक प्राकृतिक बहुलक है लेकिन इसमें लोचदार गुण नहीं होते हैं।

Correct Option - **1**

---

**Que. 91** निम्नलिखित में से कौन कैल्शियम कार्बोनेट का एक रूप है?

1. धावन सोडा
2. बेकिंग सोडा
3. चूना पत्थर
4. नमक

Correct Option - **3**

---

**Que. 92** थायरॉयड ग्रंथि की सामान्य कार्यप्रणाली के लिए आहार में निम्नलिखित में से क्या आवश्यक है?

1. सोडियम
2. कैल्शियम
3. आयोडीन

4. पोटेशियम

Correct Option - **3**

**Que. 93** पेनिसिलिन निम्नलिखित में से किस सूक्ष्मजीव से प्राप्त होता है?

1. अमीबा
2. विषाणु
3. प्रोटोजोआ
4. कवक

Correct Option - **4**

**Que. 94** निम्नलिखित में से कौन सा रोग विटामिन A की कमी से होता है?

1. रिकेट्स
2. स्कर्वी
3. रतौंधी
4. पेलाग्रा

Correct Option - **3**

**Que. 95** विटामिन $B_1$ (थियामिन) की कमी से निम्नलिखित में से कौन-सा रोग होता है?

1. सूखा रोग
2. बेरीबेरी
3. रतौंधी
4. पेलाग्रा

Correct Option - **2**

**Que. 96** निम्नलिखित में से कौन-सा विटामिन की कमी से होने वाला रोग है जो चेहरे, गर्दन, हाथ और पैरों पर गहरे लाल रंग के चकत्तों की विशेषता है?

1. पेलाग्रा
2. थाइरोइड
3. खून की कमी
4. कटियन

Correct Option - **1**

**Que. 97** रक्त निम्न में से किस माध्यम से किडनी में प्रवेश करता है?

1. वृक्क की धमनी
2. बाहरी श्रोणीय (इलिअक) धमनी
3. अक्षीय धमनी
4. इंटरट्रियल (उलनार) धमनी

Correct Option - **1**

**Que. 98** निम्नलिखित में से कौन सा अंग पित्त रस का स्राव करता है?

1. हृदय
2. दिमाग

3. किडनी
4. यकृत

Correct Option - **4**

**Que. 99** निम्नलिखित में से कौन सा रोग पुरुषों की तुलना में महिलाओं में बहुत कम होता है?

1. निकट दृष्टि दोष
2. गुर्दे की पथरी
3. मस्तिष्क का ट्यूमर
4. वर्णांधता

Correct Option - **4**

**Que. 100** हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं के अंदर एक प्रोटीन है और यह निम्नलिखित में से किसका वहन करता है?

1. ऑक्सीजन
2. कार्बन डाइआक्साइड
3. नाइट्रोजन
4. ओजोन

Correct Option - **1**

**Que. 101** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प बराबर है

$8.13 \times 10^6$?

1. 831000
2. 8310000
3. 813000
4. 8130000

Correct Option - **4**

**Que. 102** जब 0.353535..... को भिन्न में बदला जाता है, तो परिणाम क्या होगा?

1. 35 / 99
2. 35 / 100
3. 15 / 19
4. 1 / 19

Correct Option - **1**

**Que. 103** $2^2 \times 3^2 \times 5^2 \times 7$, $2^2 \times 3^2 \times 53 \times 7^2$ और $2^3 \times 3 \times 5^2 \times 7^3$ का सबसे बड़ा उभयनिष्ठ गुणनखंड (महत्तम समापवर्तक) ज्ञात कीजिये।

1. 2100
2. 420
3. 1005
4. 1050

Correct Option - **1**

**Que. 104** निम्नलिखित को हल कीजिये

$\sqrt{\frac{36}{81}} - \frac{1}{9} = ?$

1. 4/9
2. 5/9
3. 1/9
4. 2/9

Correct Option - **2**

**Que. 105** एक संख्या जितनी 55 से बड़ी है उतनी ही वह 79 से छोटी है। संख्या ज्ञात कीजिए।

1. 59
2. 63
3. 65
4. 67

Correct Option - **4**

**Que. 106** तीन क्रमागत संख्याओं का योग 96 है। इन तीन संख्याओं में सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है?

1. 28
2. 31
3. 33
4. 43

Correct Option - **3**

**Que. 107** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

$$\frac{128 \div 16 \times 3 - 7 \times 2}{? - 6 \times 6 - 3} = 1$$

1. 16
2. 49
3. 60
4. 128

Correct Option - **2**

**Que. 108** एक परीक्षा में 1000 लड़के और 600 लड़कियां हैं। 43% लड़के और 35% लड़कियां उत्तीर्ण होती हैं। अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों का कुल प्रतिशत ________ है?

1. 40%
2. 50%
3. 58%
4. 60%

Correct Option - **4**

**Que. 109** A एक कार्य को 9 दिनों में कर सकता है और B समान कार्य को 18 दिनों में कर सकता है। वे मिलकर समान कार्य को कितने दिनों में पूरा करेंगे?

1. 3 दिन
2. 6 दिन
3. 8 दिन
4. 9 दिन

Correct Option - **2**

**Que. 110** यदि प्रीति 30 किमी/घंटा की गति से दौड़ती है, तो उसे 500 मीटर की दूरी तय करने में कितना समय लगेगा?

1. 1 मिनट
2. 2 मिन्ट
3. 5 मिनट
4. 6 मिनट

Correct Option **- 1**

---

**Que. 111** निम्नलिखित में से कौन सी कार नीचे दी गई गति के साथ सबसे तेज है?

1. 90 किमी / घंटा
2. 25 मीटर / सेकंड
3. 1500 मीटर / मिनट
4. 1000 किमी / घंटा

Correct Option **- 4**

---

**Que. 112** एक ठोस लंबवत बेलन की त्रिज्या 21 सेमी और ऊंचाई 16 सेमी है। इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

1. 2000 सेमी$^2$
2. 2002 सेमी$^2$
3. 2010 सेमी$^2$
4. 2112 सेमी$^2$

Correct Option **- 4**

---

**Que. 113** A और B दो पाइप एक टैंक को क्रमशः 16 घंटे और 48 घंटे में भर सकते हैं। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी को भरने में कितना समय लगेगा?

1. 10 घंटे
2. 12 घंटे
3. 15 घंटे
4. 16 घंटे

Correct Option **- 2**

---

**Que. 114** वर्तमान में, विमल और विनय की आयु का अनुपात 4 : 5 है। 6 वर्ष बाद, विमल की आयु 26 वर्ष होगी। वर्तमान में विनय की आयु क्या है?

1. 20 वर्ष
2. 21 वर्ष
3. 25 वर्ष
4. 30 वर्ष

Correct Option **- 3**

---

**Que. 115** एक सटीक घड़ी सुबह 9 बजे का समय दिखाती है। जब घड़ी दोपहर को 3 बजे का समय दिखाती है, तो घंटे की सुई कितने डिग्री घूमेगी?

1. 150°
2. 155°
3. 175°
4. 180°

Correct Option - **4**

**Que. 116** यदि एक सीधी रेखा त्रिभुज ABC की भुजाओं AB और AC को क्रमशः D और E पर काटती है और BC के समानांतर है, तो AE / AC =?

1. AD / EC
2. AD / DB
3. AD / AB
4. DE / BC

Correct Option - **3**

**Que. 117** दो रैखिक समीकरणों की प्रणाली में, दो चर असंगत होते हैं यदि उनका ग्राफ हैं:

1. x अक्ष को काटता है
2. y अक्ष को काटता है
3. संपाती (मिलना)
4. किसी भी बिंदु पर प्रतिच्छेद नहीं करता है

Correct Option - **4**

**Que. 118** यदि $\theta = 45$, तो $\text{Cos}^2\theta + \text{Sec}^2\theta = ?$

1. 0
2. 1
3. 2
4. 2.5

Correct Option - **4**

**Que. 119** यदि प्रणाली $6x - 2y = 3$, $kx - y = 2$ का एक अद्वितीय हल है तो:

1. $k \neq 3$
2. $k = 3$
3. $k \neq 4$
4. $k = 4$

Correct Option - **1**

**Que. 120** किसी संख्या के वर्ग को 4 से भाग देने पर शेषफल क्या है?

1. 1
2. 0
3. या तो 0 या 1
4. न तो 1 और न ही 0

Correct Option - **3**

**Que. 121** 1500 को कितने संभावित तरीकों से दो गुणनखंडों में विभाजित किया जा सकता है?

1. 12
2. 18
3. 36
4. 24

Correct Option - **1**

**Que. 122** नौ वर्ष पहले, अमित और अनु की आयु का अनुपात 5 : 7 था। अब से 5 वर्ष बाद, निम्नलिखित में से कौन सा उनकी आयु का अनुपात नहीं हो सकता है?

1. 13 : 9
2. 11 : 13
3. 15 : 16
4. 21 : 25

Correct Option **- 1**

**Que. 123** 'n' भुजाओं वाले एक चक्रीय बहुभुज के प्रत्येक आंतरिक कोण की माप 144° है। तो, बहुभुज के ज्यामितीय केंद्र पर इसकी प्रत्येक भुजा द्वारा बनाए गए कोण का माप क्या होगा?

1. 30°
2. 144°
3. 54°
4. 36°

Correct Option **- 4**

**Que. 124** यदि $(\text{Sin}^2 - 3\text{Sin}\theta + 2) / \text{Cos}^2\theta = 1$, तो का मान क्या है?

1. 45°
2. 60°
3. 30°
4. 0°

Correct Option **- 3**

**Que. 125** क्लब A ने एक सीजन में खेले गए पहले 60 मैचों में से 30% जीते हैं। तो उस सीज़न में 44% सफलता दर प्राप्त करने के लिए क्लब A को कितने अतिरिक्त न्यूनतम मैच खेलने चाहिए?

1. 15
2. 20
3. 30
4. 25

Correct Option **- 1**

**Que. 126** PSGI निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

शीलयुक्त व्यवहार मनुष्य की प्रकृति और व्यक्तित्व को उद्‌घाटित करता है। उत्तम, प्रशंसनीय और पवित्र आचरण ही शील है। शीलयुक्त व्यवहार प्रत्येक व्यक्ति के लिए हितकार है। इससे मनुष्य की ख्याति बढती है। शीलवान व्यक्ति सबका हृदय जीत लेता है। शीलयुक्त व्यवहार से कटुता दूर भागती है। इससे आशंका और संदेह की स्थितियाँ कभी उत्पन्न नहीं होतीं। इससे ऐसे सुखद वातावरण का सृजन होता है, जिसमें सभी प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। शीलवान व्यक्ति अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों को सुप्रभावित करता है। **शील इतना प्रभुत्त्वपूर्ण होता है कि किसी कार्य के बिगड़ने की नौबत नहीं आती** । अधिकारी-अधीनस्थ, शिक्षक-शिक्षार्थी, छोटों-बड़ों आदि सभी के लिए शीलयुक्त व्यवहार समान रूप से आवश्यक है। शिक्षार्थी में यदि शील का अभाव है तो वह अपने शिक्षक से वांछित शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता। शीलवान अधिकारी या कर्मचारी में आत्मविश्वास की वृद्धि स्वतः ही होने लगती है और साथ ही उनके व्यक्तित्व में शालीनता आ जाती है। इस अमूल्य गुण की उपस्थिति में अधिकारी वर्ग और अधीनस्थ कर्मचारियों के बीच, शिक्षकगण और विद्यार्थियों के बीच तथा शासक और शासित के बीच मधुर और प्रगाढ़ संबंध स्थापित होते हैं और प्रत्येक वर्ग की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है। इस गुण के माध्यम से छोटे-से छोटा व्यक्ति बड़ों की सहानुभूति अर्जित कर लेता है। शील कोई दुर्लभ और देवी गुण नहीं है। इस गुण को अर्जित किया जा सकता है। पारिवारिक संस्कार इस गुण को विकसित और विस्तारित करने में बहुत बड़ी भूमिका अदा करते हैं।

निम्नलिखित में से कौन सा कथन शील के संबंध में गलत है?

1. शीलयुक्त व्यवहार से सुखद वातावरण का निर्माण होता है।
2. शील एक दैवी गुण है।
3. पारिवारिक संस्कार शील को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
4. शीलयुक्त व्यवहार छोटों-बड़ों में समान रूप से आवश्यक है।

Correct Option **- 2**

**Que. 127** गद्यांश में रेखांकित अंश की उचित व्याख्या होगी:

1. शील प्रभु द्वारा दिया जाता है।
2. किसी कार्य के बिगड़ने पर शील प्रभुत्व स्थापित कर लेता है।
3. जहाँ शील का प्रभुत्व होता है वहाँ कोई कार्य बिगड़ने नहीं पाता।
4. जहाँ कार्य बिगड़ता है वहाँ शील का प्रभुत्व होता है।

Correct Option **- 3**

**Que. 128** गद्यांश में कौन सा शब्द 'दुष्प्रभावित' का विलोम है?

1. कुप्रभावित
2. प्रगाढ़
3. सुप्रभावित
4. आशंका

Correct Option **- 3**

**Que. 129** जब कोई सरकारी पत्र, कार्यालय ज्ञापन या ज्ञापन एक साथ अनेक प्रेषितियों को भेजा जा रहा हो, तब उसे क्या कहा जाता है?

1. कार्यालय आदेश
2. अधिसूचना
3. अनुस्मारक

4. परिपत्र

Correct Option - **4**

---

**Que. 130** अपने विद्यालय की किसी मनोरंजन घटना का वर्णन करते हुए मित्र को लिखा गया पत्र किस कोटि के अंतर्गत आएगा?

1. शासकीय
2. अर्द्ध शासकीय
3. वैयक्तिक
4. व्यावसायिक

Correct Option - **3**

---

**Que. 131** निम्नलिखित में से कौन सा अंतःस्थ व्यंजन है?

1. ल
2. प
3. च
4. ट

Correct Option - **1**

---

**Que. 132** निम्नलिखित में से कौन सा स्वर कंठतालव्य है?

1. ई
2. आ
3. औ
4. ए

Correct Option - **4**

---

**Que. 133** **'पो** + **अन'** किस स्वर संधि का उदाहरण है?

1. यण
2. अयादि
3. वृद्धि
4. गुण

Correct Option - **2**

---

**Que. 134** प्रत्यंग किस समास का उदाहरण हैं?

1. अव्ययीभाव
2. तत्पुरुष
3. द्विगु
4. द्वंद

Correct Option - **1**

---

**Que. 135** सीता सखियों सहित पुष्प वाटिका गई |

वाक्य में रेखांकित अव्यय-प्रयोग निम्नलिखित में से किस भेद का उदाहरण है?

1. समुच्चयबोधक
2. क्रियाविशेषण
3. संबंधबोधक
4. विस्मयादिबोधक

Correct Option **- 3**

---

**Que. 136** 'कश्मीरी सेब सिंदूरी लाल होता है |' -
वाक्य में रेखांकित शब्द विशेषण के किस भेद के अंतर्गत जाएगा?
1. गुणवाचक
2. परिमाणवाचक
3. प्रविशेषण
4. सार्वनामिक

Correct Option **- 3**

---

**Que. 137** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द मस्तक का पर्यायवाची है?
1. लाल
2. ललाट
3. लालिमा
4. ललाई

Correct Option **- 2**

---

**Que. 138** निम्नलिखित में से कौन सा विलोम युग्म सही नहीं है?
1. भद्र-अभद्र
2. भय-साहस
3. मूढ़-ज्ञानी
4. मान्य-धान्य

Correct Option **- 4**

---

**Que. 139** 'गाड़ी-गाढ़ी' शब्द-युग्म के लिए सही अर्थ-युग्म चुनें |
1. यान-गहरी
2. गहरी-यान
3. गिरी-निकाली
4. निकाली-गिरी

Correct Option **- 1**

---

**Que. 140** 'जो इंद्रियों की पहुँच से बाहर हो' -
वाक्यांश के लिए एक शब्द बताइए |
1. इंद्रियजित
2. इंद्रियानिग्रह
3. इंद्रियातीत

4. इंद्रधनुष

Correct Option - **3**

---

**Que. 141** '<u>उस जगह</u> एक सभा होने जा रही है |' -
रेखांकित पद में कौन सा परसर्ग है?

1. करण
2. अधिकरण
3. संप्रदान
4. अपादान

Correct Option - **2**

---

**Que. 142** 'देखा गया हो' - क्रिया के किस पक्ष का उदाहरण है?

1. संधिग्ध वर्तमान
2. संभाव्य वर्तमान
3. संधिग्ध भूत
4. संभाव्य भूत

Correct Option - **4**

---

**Que. 143** 'उसने अपने को निर्दोष घोषित किया |' -
इस सरल वाक्य के मिश्र वाक्य का रूप निम्नलिखित में से कौन सा है?

1. उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ |
2. उसने कहा और वह निर्दोष घोषित हुआ |
3. उसने कहा कि उसे निर्दोष घोषित किया जाए |
4. उसने कहा कि मैं अपने को निर्दोष घोषित कर रहा हूँ |

Correct Option - **1**

---

**Que. 144** विराम चिन्ह के प्रयोग की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य सही नहीं है?

1. वह दूर से, बहुत दूर से, आ रहा है |
2. सुनो, सुनो, वह गा रही है |
3. नहीं, नहीं, ऐसा कभी नहीं हो सकता |
4. क्रोध, चाहे जैसा भी हो, मनुष्य को दुर्बल बनाता है |

Correct Option - **1**

---

**Que. 145** 'एडियाँ रगड़ना' मुहावरे का सही अर्थ क्या होगा?

1. एडियाँ साफ करना
2. परिश्रम करना
3. बहुत दौड़-धूप करना
4. परेशान करना

Correct Option - **3**

---

**Que. 146**

'सावन हरे न भादों सूखे' - लोकोक्ति का सही अर्थ क्या है?

1. सावन में हरा और भादों में सूखा
2. न सावन में हरा, न भादों में सूखा
3. असंभव बात
4. सदा एक सी दशा

Correct Option - **4**

---

**Que. 147** हिंदी साहित्य के इतिहास के किस काल को वीरगाथा काल भी कहा गया है?

1. आदिकाल
2. भक्तिकाल
3. रीतिकाल
4. आधुनिक काल

Correct Option - **1**

---

**Que. 148** निम्नलिखित में से कौन सी रचना तुलसीदास की नहीं है?

1. रामचरितमानस
2. गीतावली
3. श्रीकृष्णगीतावली
4. भक्तमाल

Correct Option - **4**

---

**Que. 149** हिंदी का प्रथम समाचार पत्र कौन सा था?

1. कवि वचन सुधा
2. उदंत मार्तण्ड
3. हरिश्चंद्र पत्रिका
4. सरस्वती

Correct Option - **2**

---

**Que. 150** हिंदी की मूल उत्पत्ति किससे मानी गई है?

1. मागधी अपभ्रंश
2. अर्द्धमागधी अपभ्रंश
3. खस अपभ्रंश
4. शौरसेनी अपभ्रंश

Correct Option - **4**